दैनिक
न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, शुक्रवार 26 अक्टूबर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुरेश माजिखा और टंकेश्वर राठौर किये गये जिला बदर

रायगढ़। थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा सुरेश माखिजा आत्मज उधम दास निवासी सिंधी कालोनी चक्रधरनगर तथा थाना प्रभारी खरसिया द्वारा टंकेश्वर राठौर पिता देवीप्रसाद राठौर निवासी मदनपुर थाना खरसिया को जिला बदर किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के माध्यम से प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी रायगढ़ के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में अभियोजन साक्षियों के परिशीलन एवं उपरोक्त व्यक्तियों के अपराधिक वृत्त का विश्लेषण किया जाकर दोनों व्यक्तियों को छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदेश पारित कर आदेशित दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला रायगढ़ एवं समीपवर्ती जिले बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, कोरबा एवं जशपुर जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया गया है।

### सर्किट हाऊस तिराहा के पास लूट की वारदात

रायगढ़। ग्राम चुरेला थाना बिलाईगढ़ जिला बलौदाबाजार निवासी दीपक कुमार साहू पिता जगदीश साहू उम्र 28 वर्ष ड्रायवरी का काम करता है। 24 अक्टूबर को दीपक कुमार साहू ट्रक क्रमांक सीजी 22, जे 3892 में लाल मिट्टी लोड कराकर बिलासपुर जयराम नगर ले जाने के लिये निकला था। ट्रक में खलासी लक्ष्मण साहू तथा जितेन्द्र यादव ड्रायवर भी बैठे थे। 24 अक्टूबर के दोपहर करीब साढ़े 3 बजे दीपक साहू की ट्रक केलो नदी के पुलिया पार कर सर्किट हाऊस तिराहा के पास पहुंची थी कि दो व्यक्ति मोटर सायकल में ट्रक के पीछे तरफ से आये और दीपक साहू को वाहन तरीका से नहीं चलाते हो कहते हुए मारपीट करने की धमकी देकर उसके पर्स में रखे 7500 रूपये को लूटकर भाग गये। रिपोर्टकर्ता दीपक कुमार साहू के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 1426/18 धारा 392 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### तलवार लहराते हुए युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही

रायगढ़। 24 अक्टूबर के शाम थाना कोतरारोड में पदस्थ प्रधान आरक्षक जय सिंह एवं हमराह स्टाफ मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम ठाकुरपाली गये, जहां ग्राम ठाकुरपाली बीच बस्ती आम गली में एक व्यक्ति लोहे का तलवार लहराते हुए मिला जिसे स्टाफ एवं गवाहों के मदद से पकड़े, पकड़े गये व्यक्ति से अपना पूछने पर अपना नाम शोभा सिंह पिता हरिहर सिंह जाति राजपुत उम्र 54 वर्ष सा. ठाकुरपाली थाना कोतरारोड बताया जिसके कब्जे से एक लोहे का तलवार जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में आर्म्स एक्ट के तहत अप.क्र. 282/18 धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

### सट्टा-पट्टी लिखते गिरफ्तार

रायगढ़। 24 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक आर.एस. नेताम हमराह आरक्षक तरूण महिलाने के साथ टाऊन पेट्रोलिंग पर थे, इसी दरम्यान मुखबिर सूचना पर स्टेशन चौक केकी बार में जुबेर अली पिता जाकीर अली उम्र 27 वर्ष सा. तुर्कापारा को सट्टा पट्टी लिखते हुये पकड़े, आरोपी के पास से सट्टा पट्टी, नगदी रकम 2710 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 427/18 धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### एक नवंबर से होगी धान खरीदी, मिलिंग के लिए 45 ने कराया पंजीयन

रायगढ़। धान की कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराने में इस बार खाद्य विभाग एवं राइस मिलरों में रूचि नहीं है। 1 नवंबर से जिले की सभी समितियों में धान खरीदी शुरू होनी है लेकिन कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 122 में से केवल 45 राइस मिलरों ने ही अपना पंजीयन कराया है।

# 29 अक्टूबर को सिर्फ बनेगा ही नहीं बल्कि बदलेगा इतिहास, पटरी पर दौड़ेगी बिना इंजन वाली पहली भारतीय ट्रेन

नई दिल्ली। 29 तारीख को न सिर्फ इतिहास बनने वाला है बल्कि इतिहास बदलने भी वाला है. इस दिन भारत की पहली बिना इंजन वाली ट्रेन को पटरियों पर इसलिए दौड़ाया जाएगा ताकि इसका सफल परीक्षण किया जा सके. इससे इतिहास तो बनेगा ही लेकिन इतिहास बदलेगा भी. दरअसल, ख़बर है कि 'ट्रेन 18' नाम की ये ट्रेन 30 साल पुरानी शताब्दी की वारिस साबित होगी और अगर ऐसा होता है तो इतिहास बदल जाएगा.



ये ट्रेन सेल्फ-प्रोपल्सन मॉड्यूल से चलती है जिसकी वजह से इसे इंजन की कोई दरकार नहीं है. इसकी ख़ासियत ये है कि ये ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफर कर सकती है. वहीं, इसमें जो एडवांस तकनीक लगी है उसकी वजह से ये बिना क्षण गवाए रफ्तार पकड़ सकती है.

16 कोचों वाली ये ट्रेन शताब्दी की तुलना में सफर के समय को 15 प्रतिशत तक घटा सकती है. इस फुल एसी ट्रेन को भारत में ही महज़ 18 महीनों में तैयार किया गया है. इसे इस हिसाब से बनाया गया है कि लोगों को ड्राइवर के केबिन के भीतर का सबकुछ नज़र आए.

चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) के मैनेजर सुधांशु मनी ने कहा, प्रोटोटाइप (मूलरूप) बनाने में 100 करोड़ रुपए का ख़र्च आया है लेकिन बाद में ये कीमत घट जाएगी. उन्होंने कहा कि 29 अक्टूबर को इसे पटरी पर उतारा जाएगा और फिर तीन से चार दिनों तक फैक्ट्री के बाहर इसका परीक्षण किया जाएगा. इसके बाद इसे अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन को आगे के परीक्षण के लिए सौंप दिया जाएगा.

वैसे 'ट्रेन 18' को सितंबर में ही लॉन्च किया जाना था लेकिन लगातार किए गए बदलावों की वजह से इसमें देरी हुई. इस ट्रेन की ख़ासियत को मसझने के लिए आप मेट्रो ट्रेनों की संरचना को देख सकते हैं जिसमें डब्बे एक दूससे से जुड़े होते हैं और इंजन गायब होता है.

एक बार इस ट्रेन के लॉन्च हो जाने के बाद शताब्दी ट्रेनों की जगह इसे चलाया जाएगा.


# सन्त जेवियर स्कूल में लगभग शत प्रतिशत बच्चों ने लगवाया खसरा और रूबेला का टीका











रायगढ़। खसरा और रूबैला टीकारण अभियान के तहत बोईरदादर रायगढ़ की नन्ही बालिका अर्पिता सिंह ने मीजल्स एवं रूबैला का टीका लगवाया साथ ही सन्त जेवियर स्कूल में 95%/ बच्चों को लगा खसरा और रूबेला का टीका। इसमें सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा के पूर्व एमएलए ने पार्टी से दिया इस्तीफा, अब निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

रायगढ़। भाजपा के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने टिकट न मिलने के बाद असंतोष जाहिर करते हुए पार्टी की प्रारंभिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अब विजय अग्रवाल ने रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। विजय साल 2003 से 2008 तक भाजपा विधायक रहे। वर्ष 2008 में हुए चुनाव में वे कांग्रेस के शक्राजीत नायक से पराजित हुए थे।

### कलेक्ट्रेट निर्वाचन कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 हेतु कलेक्ट्रेट रायगढ़ निर्वाचन कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07762-231950 है। जिसमें तीन पालियों में कर्मचारियों की 24 घंटों के लिए ड्यूटी लगाई गई है। उक्त दूरभाष नंबर पर जिले के समस्त नागरिक/आम मतदाता निर्वाचन से संबंधित किसी भी समस्या या आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत के समाधान हेतु संपर्क कर सकते है।

### मतदान केन्द्र में मतदाताओं के आवश्यक सुविधा व्यवस्था के लिए डिप्टी कलेक्टर आशीष देवांगन नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 17-सारंगढ़, 18-खरसिया एवं 19 धरमजयगढ़ में स्थापित पिंक मतदान केन्द्र एवं आदर्श मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष देवांगन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार मौसेरे भाई-बहन की मौत

रायगढ़। बरमकेला थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल से बालिका को छोडने घर जा रहे मौसेरे भाई की वाहन को अज्ञात पिकअप वाहन ने अपने गिरफ्त में ले लिया। जिससे नाबालिग बालिका सहित 18 वर्षीय युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में बरमकेला पुलिस पिकअप वाहन व चालक की पतासाजी में जुट गई है। सुशांत सिदार पिता किश्टो उम्र 18 वर्ष बरमकेला हनुमान नगर निवासी है।

## नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया आज से

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत जिले में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 26 अक्टूबर से 2 नवंबर 2018 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर)पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु विधानसभावार रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा 16-रायगढ़ के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु कलेक्टर रायगढ़ के न्यायालय कक्ष क्रमांक 2 को निर्धारित किया गया है। जिसमें कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी को रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ (अजजा) के लिए अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ के न्यायालय कक्ष क्रमांक 16 निर्धारित

**विधानसभावार रिटर्निंग आफिसर नियुक्त**

है जिसमें रिटर्निंग आफिसर अतिरिक्त कलेक्टर हरीश एस, विधानसभा क्षेत्र 18-खरसिया के लिए अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ के न्यायालय कक्ष क्रमांक 30 निर्धारित है जिसमें रिटर्निंग आफिसर जिला पंचायत के सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, विधानसभा 17-सारंगढ़ (अजा)के लिए लोक सेवा केन्द्र रायगढ़ कक्ष क्रमांक 37 निर्धारित है जिसमें रिटर्निंग आफिसर अतिरिक्त कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार तथा विधानसभा 15-लैलूंगा के लिए नजूल अधिकारी रायगढ़ के न्यायालय कक्ष क्रमांक 14 निर्धारित है जिसमें रिटर्निंग आफिसर अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा अशोक कुमार मारबल उपस्थित रहेंगे। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा संबंधित रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में 3 नवंबर 2018 को प्रातः 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना रिटर्निंग आफिसर को उसके कार्यालय में 5 नवंबर 2018 को अपरान्ह 3 बजे के पूर्व परिदत्त की जा सकेगी। नाम निर्देशन पत्र हेतु निक्षेप राशि जमा करने वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को निक्षेप राशि जमा करते समय अनिवार्य दस्तावेज जैसे जाति प्रमाण-पत्र आदि प्रस्तुत करना होगा। मतदाता सूचियों का अवलोकन जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 12 एवं रिटर्निंग आफिसरों के कक्ष में कार्यालयीन समय में किया जा सकेगा। मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति निर्धारित शुल्क जमा करने पर निर्वाचन कार्यालय एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आफिसर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%



Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931